सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
अग्रहायण 12, शुक्रवार, शाके 1943-दिसम्बर 03, 2021 *Agrahayana 12, Friday , Saka 1943- December 03, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

वन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, अगस्त 01, 2019

संख्या प. 2(19)वन/2019:-चूँकि निम्नलिखित अनुसूची में दिखाई गई वन भूमि सरकार की सम्पति है अथवा उनमें सरकार के स्वत्व है अथवा सरकार उनकी सम्पूर्ण वन उपज उसके किसी अंश की स्वत्तधारी (Entitled)है।

और चूँकिसरकार उपर्युक्त वन भूमि तथा बंजर भूमि को राजस्थान फोरेस्ट एक्ट 1953 की धारा 29 उप धारा (1)के अन्तर्गत रक्षित वन (Protected Forest)घोषित करने का विचार रखती है

और चूँकि सरकार यह भी विचार रखती है कि पूर्वोक्त वन भूमि अथवा बंजर भूमि में अथवा उन पर सरकार या वैयक्तिक अधिकारों की सीमा तथा स्वरूप के संबंध में जांच किया जाना तथा उन्हें लेखबद्ध किया जाना आवश्यक है परन्तु चुँकि इन कार्यों के सम्पादन में जितना समय लगेगा। इस बीच में सरकार के अधिकारों को क्षति पहुँचाने की आशंका है ।

इसलिए अब राजस्थान फोरेस्ट एक्ट 1953(1953 का एक्ट संख्या 3) की धारा 29 की उप धारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार इसके द्वारा फोरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर/असिस्टेंट फोरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर की पूर्वोक्त वन भूमि अथवा बंजर भूमि में या उन पर सरकारी तथा वैयक्तिक अधिकारों की जांच करके उन्हें लेखबद्ध करने हेतु नियुक्ति करती है तथा ऐसी जांच तथा अभिलेख तथा साक्ष्य उसी प्रणाली में किया जावेगा। जैसा कि उक्त एक्ट की धारा 6,7,8,10,11(1),13,14,17,18तथा19 में प्रवाहित है ।

और उक्त एक्ट की धारा 29 की उप धारा (3) में परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियो के अग्रेतर अनुसरण मे राजस्थान सरकार उक्त जांच तथा अभिलेख सम्पादित होने तक उक्त वन भूमि और बंजर भूमि को इस विज्ञप्ति द्वारा रक्षित वन (Protected Forest) घोषित करती है, परन्तु इससे किसी व्यक्ति या वर्ग विशेष के वर्तमान अधिकारों में किसी भी प्रकार की कमी नही आयेगी और न उन पर कोई प्रभाव पडेगा ।

और सरकार उक्त एक्ट की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अग्रेतर अनुसरण में यह भी घोषणा करती है कि उक्त रक्षित वन को वे वृक्ष जो इसके संलग्न द्वितीय अनुसूचि में अंकित किये गये है, राजपत्र में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से आरक्षित (Reserved) है और पूर्वोक्त तारीख से उक्त वन मे पत्थरों को हटाया जाना अथवा चूना या कोयला जलाया जाना अथवा किसी प्रकार की वन उपज का संग्रहित किया जाना अथवा उसे किसी निर्माण प्रक्रिया का साधन बनाया जाना या

हटाया जाना और उक्त वन मे किसी भूमि का कृषि अथवा भवन निर्माण अथवा पशुपालन अथवा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खंडित किया जाना अथवा साफ किया जाना निषिद्ध करती है

प्रथम अनुसूची (वन भूमि और बंजर भूमि)

द्वितीय अनुसूची (आरक्षित वृक्ष)

राज्यपाल की आज्ञा से,
शासन सचिव,
वन विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

प्रथम अनुसूची										
क्र.सं.	नाम रेंज	नाम वन खण्ड	नाम तहसील	नाम जिला	वन खण्ड का रकबा हैक्टर	सीमा	आंवटित वनभूमि का विवरण			
							नाम चक	मुरब्बा नं0	किला नं0	रकबा (बीघा-बिस्वा में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सत्तासर	7LKD आबादी नर्सरी	छत्तरगढ	बीकानेर	12.646 है0	उतर- काश्त दक्षिण- काश्त पूर्व- आबादी पश्चिम- काश्त	7LKD	183/47 183/48	1ता25 1ता25	25-00 25-00
									योग	**50**बीघा **(**12.646 है0**)**

विरेन्द्र सिंह जोरा
उप वन संरक्षक,
इन्दिरा गॉधी नहर परियोजना,
स्टेज-प्रथम छत्तरगढ़,(बीकानेर)।

द्वितीय अनुसूची
आरक्षित वृक्ष

S.No	Botanical Name	Hindi Name
1	AzadirachtaIndica, A. juss	नीम
2	Acacia ArubicaWilld	बबूल
3	Acacia Jaquemontil	बोली
4	Acacia Sengal	कुमठा
5	AeruaTometosa	बुई
6	AlbizziaLebbekBentb	काला सिंरस
7	BaubuniaPorpurea Linn	सफेद सिंरस
8	BaubuniaPorpurea Linn	कचनार
9	BaubiniaVaiegata Linn	कचनार
10	BombaxCeiba(Roxb)Malabar cum pc	सेमल (सालमानिया श्रेटिका)
11	CordiaMyxa Linn	लसौडा
12	CordiaRothi	गूँदी
13	CalligonumPolygonouides	फोग

14	CalotropisProcera R Sr	आक
15	Cassia Auriculata	आवंला
16	Cassia Fistula Linn	अमलतास
17	CapparisDecidna	केर
18	CenchrusCilliaris	धामण घास
19	DalbergisSissooRoxb	शीशम
20	DendrocalamosStrictus Ness	पतला बॉस
21	Encalyptusspp	सफेदा
22	Eugenia Jambolane, Lan	जामुन
23	Ficusreligiosa, linn	पीपल
24	Ficusbengalensis, linn	बड
25	HolopioliaIntgrifolia planch	बुरेल कंजु काज
26	LasiuressSindieus	सेवन घास
27	LepatadeniamReticulatam Wight &Ar	खीप
28	MeliaAzedarach, Linn	बकायन
29	Morus alba, linn	शहतूत
30	MagiferaIndica Lin	आम
31	ParkunsoniaAculata	पांर्किग सोनिया
32	RicinusCommunis	अरण्ड
33	ProsopisSpiicigera	खेजड़ा
34	ProsopisJuliflora	विलायती खेजड़ा
35	PhonenixSylvertis trip	खजूर
36	PhyllanthusEmblica Linn	आंवला
37	SalvadoraOligoides	पीलू
38	SalvadoraPersica	जाल
39	SaccharumMunja	मूजा घास
40	Acacia Tortalis	इजराईल बबूल
41	Tecomellaundulata	रोहेडा
42	Tamarixdoicapoxb	फरास
43	Zizyphusjujuba lam	बर
44	ZizyphusXyloptyraWilld	धोंट
45	Zizyphusnummularia	भड़ शेर
46	HaloxyylenSalvecornicum	लाणा

क्षेत्रीय वन अधिकारी
सत्तासर

विरेन्द्र सिंह जोरा
उप वन संरक्षक
इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना
स्टेज-प्रथम छत्तरगढ़ (बीकानेर)

प्रारम्भिक विज्ञप्ति के प्रस्ताव के साथ उप वन संरक्षक द्वारा प्रमाण पत्र

(जो लागू नहीं होता है उसे काट दें)

वन मण्डल:- उप वन संरक्षक,इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना स्टेज- । छत्तरगढ़ (बीकानेर)

वन खण्ड:- 7 LKD आबादी नर्सरी

रेन्ज :- छत्तरगढ

1. संलग्न प्रारूप में दर्शाई गई भूमि का वर्गीकरण गैर कृषि पायती है जिसे विज्ञप्ति के कॉलम 6 में विस्तृत रूप से मुरब्बा नम्बरों का विवरण दर्शाया गया है।
2. वर्तमान में भूमि राजस्व लेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है तथा मौके पर विभाग द्वारा विकास कार्य करवाये गये है। इसमें कोई अतिक्रमण अथवा खनन कार्य नहीं हो रहा है।
3. वर्तमान में कुल क्षेत्र में वृक्षारोपण वर्ष 1976-1977 में कराये गये है। इसमें कोई खनन कार्य नहीं हुआ है।
4. भूमि पर वृक्षों का घनत्व अच्छा है इस वन खण्ड में प्रमुख प्रजातियां बेर,खेजडी,टोटलिस का लगभग 60 प्रतिशत है।
5. समीपवर्ती स्थित क्षैत्र काश्तकारों की भूमि है तथा चारों और सीमाओं का विस्तृत उल्लेख विज्ञप्ति के कॉलम संख्या 5 में कर दिया गया है।
6. वन खण्डों के वांच्छित मानचित्र (नक्शें) संलग्न है एवं विज्ञप्ति में दिखाई गई दिशाओं,सीमाओं एवं स्थिति के अनुरूप है। प्रस्तावित वऩ क्षैत्र की सीमा को नक्शें में लाल स्याही से इंगत किया गया है।
7. प्रस्तावित क्षैत्रों की विज्ञप्तियों के प्रारूप यथा विधि पूर्व में नहीं भेजने के कई कारण रहे हैं किन्तु अब उल्लेखित वन क्षैत्रों के कानूनी स्वरूप देने हेतु प्रचलित नियमों के अनुरूप शासकीय गजट में प्रकाशन होना नितान्त आवश्यक हैए जिससे कि इन भूमिओं पर वन विभाग का साक्ष्य सिद्ध हो सके।
8. उक्त वन भूमि का पूर्व में राजपत्र में प्रकाशन नहीं हुआ है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी
सत्तासर

विरेन्द्र सिंह जोरा,
उप वन संरक्षक
इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना स्टेज-प्रथम
छत्तरगढ़ (बीकानेर)

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।